an>

Title: Need to augment railway services in Barmer Parliamentary Constituency, Rajasthan.

कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) ः मैं बाड़मेर संसदीय क्षेत्र (राजस्थान) का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह एक अभावग्रस्त एवं मरूस्थलीय क्षेत्र है। सभी जानते हैं कि मारवाड़ी समूचे हिन्दुस्तान नहीं अपितु विश्व में छाये हुए हैं। परन्तु वे अभी भी सांस्कृतिक परम्पराओं एवं संस्कारों के कारण अपनी जन्मभूमि से जुड़े हैं। आज़ादी के 65 वर्षों पश्चात् कुदरत यहां के लोगों पर मेहरबान हुई है। यहां अब प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक सम्पदा के रूप में तेल, कोयला, लिग्नाइट, स्टील, बेस लाइम, बेटोनाइट, जिप्सम एवं ग्रेनाइट का भंडार मिला है। इसी वजह से यहां भी औद्योगिक इकाईयां स्थापित हो रही हैं। बाड़मेर औद्योगिक रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है एवं जैसलमेर पर्यटन के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सीमा से सटे होने के कारण एयरफोर्स, आर्मी एवं बी.एस.एफ. के जवानों का आवागमन भी इसी क्षेत्र में होता रहा है। इन सबको ध्यान में रखा जाये तो इस क्षेत्र में रेलवे की सुविधाएं नाममात्र हैं। दक्षिणी व उत्तरी भारत को रेल सेवाओं से सीधा जोड़ने हेतु बाड़मेर एवं जैसलमेर को जोड़ा जाये ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। इससे व्यापारियों को माल ट्रांसपोर्टेशन में भी पैसा एवं समय दोनों की बचत होगी। जोधपुर रेलवे मुख्यालय पर जमीन की कमी होने के कारण यहां यात्री रेलगाड़ियों को रोकने, उनकी सफाई एवं मेंटीनेंस करने में परेशानी आ रही है। ऐसी स्थिति में बाड़मेर स्टेशन जहां पर्याप्त मात्रा में रेलवे के पास भूमि उपलब्ध है वहां लोकोशेड एवं पार्किंग का निर्माण करवाया जाये तो कई गाड़ियों को बाड़मेर रोका जा सकता है। इससे दोहरा लाभ होगा एक तो जोधपुर पर लोड नहीं रहेगा एवं बाड़मेर/जैसलमेर की जनता को गाड़ियां भी मिल जायेंगी। निम्न गाड़ियों को बाड़मेर तक बढ़ाया जाया तथा बाड़मेर में ही पार्क किया जाये। मण्डोर एक्सप्रेस, सूर्यनगरी एक्सप्रेस, जोधपुर-जयपुर एक्सप्रेस, दिल्ली-सुजानगढ़-भगत की कोठी (14705-06)। निम्न गाड़ियों को जैसलमेर तक बढ़ाया जाये तथा बाड़मेर में ही पार्क किया जाये- दिल्ली-बीकानेर, पुरी-जोधपुर, चैन्नई-जोधपुर। निम्न गाड़ियों के फेरे बढ़ाये जाये- मद्रास-जोधपुर (16125), गुवाहाटी एक्सप्रेस, यशवंतपुरम एक्सप्रेस, जोधपुर से वाया रामदडी मोकलसर, जालौर-अहमदाबाद, जैसलमेर-हावड़ा, जैसलमेर-मुंबई, चैन्नई-अहमदाबाद ""हम सफर"" जो नई संचालित की गयी है, को जोधपुर तक बढ़ाया जाये। जैसलमेर-बाड़मेर-दिल्ली एक्सप्रेस में साधारण कोच की संख्या दिल्ली तक बढ़ाई जाये। मैं सरकार का ध्यान आकर्षित कर अनुरोध करना चाहता हूं कि वाणिज्यिक, सामरिक दृष्टि से उक्त प्रकार की व्यवस्था की जाती है तो रेलवे एवं आम जन के हित में होगा।